कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-23.06.2024

विषयः- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजा बिक्री करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम पैक एवं कुल 13 पुड़िया में 24 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 340/- रुपये नगद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध व अपराधियों पर नियन्त्रण व मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे ना लोहता पुलिस टीम द्वारा दिनांक-22.06.2024 को समय करीब 09.00 बजे चुरामनपुर गेट के अन्दर सड़क के किनारे थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से अभियुक्तगण 1. शशिकान्त मौर्या पुत्र राजाराम मौर्या निवासी आदर्शनगर कालोनी थाना मण्डुआडीह जनपद वाराणसी 2. सलाउद्दीन पुत्र मो0 रज्जाक निवासी रफीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 3. प्रकाश सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम गढ़ईपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम पैक एवं कुल 13 पुड़िया में 24 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 340/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 0114/2024 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हम लोग पैसा कमाने के लिए गांजे की पुड़िया बनाकर बेचते हैं, आज भी बेचने के लिए जा रहे थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. शशिकान्त मौर्या पुत्र राजाराम मौर्या निवासी आदर्शनगर कालोनी थाना मण्डुआडीह जनपद वाराणसी उम्र करीब 39 वर्ष।
2. सलाउद्दीन पुत्र मो0 रज्जाक निवासी रफीपुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र करीब 50 वर्ष।
3. प्रकाश सिंह पुत्र दिनेश सिंह निवासी ग्राम गढ़ईपुर थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर उम्र करीब 38 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 किलो 600 ग्राम पैक एवं कुल 13 पुड़िया में 24 ग्राम अवैध गांजा व बिक्री के 340/- रुपये नगद बरामद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

चुरामनपुर गेट के अन्दर सड़क के किनारे थाना लोहता से दिनांक-22.06.2024 को समय करीब 09.00 बजे।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 सत्यम तिवारी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 विशाल सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 सत्य प्रकाश लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अजीत कुमार लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।